दिन– सोमवार                                                                                    दिनांक– 20 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।                                                           अवधिः– 05 मिनट

---

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का पचासीवां सम्मेलन आज से पटना में शुरू हो गया है। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि बिहार भारत की संस्कृति, परंपरा और लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। श्री बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की हर हाल में सुरक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सहमति और असहमति बनी रहती है। इसके बावजूद सभी को सदन की गरीमा और प्रतिष्ठा का ध्यान रखना चाहिए। श्री बिरला ने कहा कि विभिन्न राजनीति दलों को आचार संहिता बनाना चाहिए ताकि सदन का संचालन सुचारू ढंग से किया जा सके। वहीं, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की जब भी बात होती है तब बिहार का नाम सबसे पहले लिया जाता है। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों के संवर्धन में विधानसभा और विधान परिषदों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विधान परिषद के सभापति अवधेष नारायण सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार समेत अन्य गणमान्य लोगों ने भी सभा को संबोधित किया। विधानसभा के उपसभापति नरेन्द्र नारायाण यादव ने धन्यवाद भाषण दिया।

दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान **संविधान की पचहत्तरवीं वर्षगांठ–संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाए रखने में संसद और राज्य विधानमंडलों का योगदान–**विषय पर विभिन्न राज्यों से आये प्रतिनिधि अपने विचार रखेंगे। सम्मेलन में देशभर से लगभग तीन सौ प्रतिनिधि शामिल हो रहे है। सम्मेलन का कल समापन होगा। समापन समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल होंगे।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में सुपौल जिले में लगभग तीन सौ करोड़ रूपये की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री

कुमार ने इस दौरान नवनिर्मित टाउन हॉल और सुधा डेयरी प्लांट के विस्तारित संयंत्र का शुभारंभ किया।

——————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि आगामी चुनाव में कांग्रेस और वामदलों के साथ गठबंधन कायम रहेगा। औरंगाबाद में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की जनता परिवर्तन चाहती है। श्री यादव ने कहा कि राजद की सरकार ने पहले सामाजिक न्याय के लिए काम किया था, अब आगे लोगों को आर्थिक न्याय देने के लिए कार्य करेगी।

——————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में वृद्धि से ठंड में कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों पर दिन में धूप खिली होने के कारण न्यूनतम तापमान में औसतन दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि राज्य के उत्तर–पश्चिम तथा दक्षिण–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर ठंड और कोहरे का प्रभाव अभी बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी सबसे ठंडा स्थान रहा। जहां का न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा।

——————————————————————

इधर, ठंड में कमी के कारण पटना, मुंगेर समेत कई जिलों में स्कूलों में पठन–पाठन का कार्य आज से शुरू कर दिया गया है। हालांकि जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर कक्षाओं के संचालन के लिए सुबह नौ बजे से अपराह्न साढ़े तीन बजे का समय निर्धारित कर दिया है।

——————————————————————

जहानाबाद के विभिन्न प्रखंडों में आज पैक्स चुनाव कराया जा रहा है। जिसमें मतदाता बड़ी संख्या में भाग ले रहे है। मतदाता सूची में गड़बड़ी के कारण पिछली बार इन क्षेत्रों में चुनाव स्थगित कर दिया गया था।

————————————————————————

मुंगेर जिले के टेटियाबंबर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरजपुर गांव में गोलीबारी की घटना में संग्रामपुर प्रखंड की प्रमुख इंदु देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। खड़गपुर एसडीपीओ चंदन कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

————————————————————————

भोजपुर जिला मुख्याला आरा के जैन कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस साप्ताहिक पखवाड़ा के तहत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, एबीवीपी जुड़े छात्रों ने रक्तदान किया।

————————————————————————

समाप्त